निरीक्षण — नगर में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने घरों से लिए गए सैंपल, किया निरीक्षण

# नपा वारासिवनी द्वारा जलसुनवाई का किया गया आयोजन



**नवभारत, वारासिवनी।** नगरपालिका परिषद वारासिवनी द्वारा नगर क्षेत्र में हो रही पेयजल आपूर्ति की गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु निरंतर निरीक्षण एवं जांच का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में नागरिकों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगर के समस्त वार्डों में जलसुनवाई का आयोजन किया जा रहा है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी सूर्यप्रकाश उके द्वारा पूर्व में सार्वजनिक सूचना जारी कर नागरिकों से अपील की गई थी कि वे स्वच्छ पेयजल का उपयोग करें तथा किसी भी वार्ड में गंदा अथवा अस्वच्छ पानी आने की स्थिति में तत्काल नगरपालिका कार्यालय को सूचित करें। इसी तारतम्य में नगरपालिका वारासिवनी द्वारा प्रत्येक मंगलवार को नगर के सभी वार्डों में जलसुनवाई आयोजित की जाती है। 27 जनवरी को मुख्य नगरपालिका अधिकारी सूर्यप्रकाश उके की उपस्थिति एवं निर्देशन में नगर के समस्त वार्डों में जलसुनवाई का आयोजन किया गया, जिसमें नागरिकों से पेयजल गुणवत्ता से संबंधित समस्याएं सुनी गईं। इस दौरान किसी भी वार्ड से पेयजल गुणवत्ता को लेकर कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई।

जलसुनवाई के दौरान नगर में संचालित आरओ वॉटर सप्लायर के प्लांटों का आकस्मिक निरीक्षण भी किया गया। निरीक्षण के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 12 में संचालित एक्वा स्टार आरओ वॉटर सप्लायर, वार्ड क्रमांक 13 में फैयाज आरओ वॉटर सप्लायर तथा वार्ड क्रमांक 14 में सोहेल आरओ वॉटर सप्लायर के प्लांटों की जांच की गई। मौके पर ही वॉटर टेस्टिंग किट के माध्यम से पीएच, टर्बिडिटी, हार्डनेस एवं क्लोराइड की जांच की गई, जिसमें सप्लाई किया जा रहा पानी निर्धारित मानकों के अनुरूप पाया गया। इसके साथ ही नगर के विभिन्न वार्डों से पेयजल के सैंपल लेकर जांच की गई, जिसमें जलावर्धन योजना के अंतर्गत सप्लाई किए जा रहे पानी की गुणवत्ता भी मानक अनुरूप पाई गई।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी सूर्यप्रकाश उके ने बताया कि नागरिकों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराना नगरपालिका की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। इसके लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं और आगे भी निरंतर निरीक्षण एवं जांच की कार्यवाही जारी रखी जाएगी। जलसुनवाई के दौरान मुख्य रूप से मुख्य नगरपालिका अधिकारी सूर्यप्रकाश उके, जलप्रदाय शाखा प्रभारी सुरेन्द्र लड़कर, जलप्रदाय सहायक महेश साहू, वार्ड प्रभारी दिलीप चौधरी, अमोल देशपाण्डे, विक्रम सिंह तोमर सहित अन्य नगरपालिका कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मायल तिरोड़ी में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस



**नवभारत, बालाघाट।** मायल लिमिटेड तिरोड़ी खान के प्रांगण में कार्यक्रम के अध्यक्ष एवं खान प्रबंधक श्रीमान मनीष ढ़ोके जी के द्वारा ध्वजारोहण किया गया तत्पश्चात ध्वजारोहण उपरांत मायल तिरोड़ी खान के मुख्य प्रबंधक(खान) श्रीमान शकील अहमद सर व आनंद बागड़े सहा. महाप्रबंधक (यांत्रिकी) के द्वारा गणतंत्र दिवस पर संबोधन दिया गया इस कार्यक्रम के उद्घोषक श्रीमान रितेश माने सहा.महाप्रबंधक (कार्मिक) एवं इसके उपरांत कार्यक्रम अध्यक्ष माननीय मनीष ढ़ोके सर के द्वारा अध्यक्षीय उद्बोधन उपरांत इन्हीं के हस्ते तिरोड़ी खान में आयोजित सुरक्षा सैनिकों के द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं जिसमें प्रथम द्वितीय तृतीय वर्ग में बाटकर उन्हें सम्मानित किया गया एवं इसके उपरांत सभी अधिकारी कर्मचारी एवं कामगारों को मॉंयल के ग्राउंड में विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं के लिए आमंत्रित किया गया जिसमें महिलाएं एवं पुरुषों के द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं को संपादित कर उसमें विजेताओं को प्रथम द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया तदुपरांत योगा प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, इस सम्मान में उपस्थित सभी कर्मचारियों अधिकारियों के द्वारा सभी को बधाई दी गई, मॉयल के इस कार्यक्रम का संचालन श्रीमान रितेश माने ,मुख्य प्रबंधक (कार्मिक) के द्वारा किया गया कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित रहे अधिकारियों में श्री उदित बोथरा सहामहाप्रबंधक (खान), श्री प्रीतेश नागदेवे मुख्य प्रबंधक (वित्त), श्री राजेश मानके प्रबंधक (सर्वे), श्री शुभ्रांशु पाणी प्रबंधक(भू.वि.) श्री आशीष दुआ प्रबंधक (वित्त), श्री मंगेश ढोले प्रबंधक (खान), श्री मनोज पांडे प्रबंधक (विद्युत) मॉंयल एसोसिएट्स जिसमें श्रीमान बाबा खान, श्रीमान मनीष सूर्यवंशी, श्रीमान प्रीतम सिंह वारदे, अजय मेश्राम, चुन्नीलाल कुलदीप (उपसरपंच), शीतल मेश्राम एवं अन्य विभिन्न एसोसिएट्स/ ठेकेदार की भी उपस्थिति रही

साथ ही कर्मचारियों में कार्यालय अधीक्षक विजय बाविसताले, प्रदीप ऊके, राजू केरकेटा, समीर शुक्ला, चंदन वट्टी, संभव कटरे, रमेश देवांगन, श्रीमती देवकी देवांगन, श्रीमती रुक्मणी परऊ, श्रीमती प्रभा संजू, श्रीमती निशा ललित प्रसाद, उप सुरक्षा निरीक्षक उयकेजी के द्वारा सुरक्षा टीम का नेतृत्व किया गया, साथ ही यूनियन से श्रीमान रामकृपाल खुरसेल, शंकर राउत व अन्य विभिन्न पदाधिकारियों के साथ साथ ग्राम के गणमान्य नागरिक भी बहुतायत में गणतंत्र दिवस के ध्वजारोहण एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं के कार्यक्रम में अपनी गरिमामई उपस्थिति दर्ज कराई और अंत में प्रसाद वितरण एवं पुरस्कार वितरण के साथ साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

# लामटा में शान व उल्लास के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस



**नवभारत, लामटा।** सम्पूर्ण ग्राम लामटा में 26 जनवरी को 77वां गणतंत्र दिवस पूरे उत्साह, अनुशासन एवं देशभक्ति के वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर ग्राम के सभी शासकीय एवं अशासकीय कार्यालयों तथा शैक्षणिक संस्थानों में ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किए गए, वहीं विद्यालयों द्वारा निकाली गई रैलियों एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने नगर को देशभक्ति के रंग में रंग दिया।

गणतंत्र दिवस के अवसर पर तहसील कार्यालय लामटा, थाना लामटा, ग्राम पंचायत लामटा एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लामटा में अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में राष्ट्रध्वज फहराया गया तथा राष्ट्रगान के साथ संविधान के मूल्यों को आत्मसात करने का संकल्प लिया गया। इसी क्रम में ग्राम के सभी विद्यालयों द्वारा विद्यार्थियों की देशभक्ति रैलियाँ निकाली गईं। शासकीय उच्चतर शाला लामटा के विद्यार्थियों द्वारा गाजे-बाजे के साथ निकाली गई विशाल रैली ने विशेष आकर्षण का केंद्र रही, जिसकी अनुशासित एवं भव्य प्रस्तुति की सभी ग्रामवासियों ने मुक्त कंठ से सराहना की। वहीं सरस्वती शिशु मंदिर लामटा द्वारा निकाली गई रैली में बच्चों की अधिक संख्या एवं रैली की लंबाई देखकर नगरवासियों में विशेष उत्साह एवं आश्चर्य का भाव देखने को मिला।

इसके साथ ही ग्राम पंचायत लामटा के तत्वावधान में गांधी चौक लामटा में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें लामटा के शासकीय विद्यालयों एवं सरस्वती शिशु मंदिर लामटा के छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति गीत, नृत्य एवं नाट्य की रंगारंग प्रस्तुतियाँ दी गईं। कार्यक्रम को और अधिक प्रभावशाली बनाते हुए लिटिल स्टेप्स इंग्लिश स्कूल लामटा के विद्यार्थियों ने थाना के सामने चौक पर कराटे प्रदर्शन, देशभक्ति नृत्य एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सामाजिक संदेश देते हुए दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रमों के दौरान देश की एकता, अखंडता एवं संविधान के महत्व पर प्रकाश डाला गया। बड़ी संख्या में ग्रामवासी, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सम्पूर्ण वातावरण 'भारत माता की जय' एवं 'वंदे मातरम्' के नारों से गूंज उठा।



# जिला पंचायत कार्यालय बालाघाट में शान के साथ फहराया गया तिरंगा

**नवभारत, बालाघाट।** 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर कार्यालय जिला पंचायत बालाघाट में जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सम्राटसिंह सरसवार द्वारा ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। इस अवसर पर देशभक्ति और उत्साह का वातावरण देखने को मिला।

कार्यक्रम में बालाघाट विधायक श्रीमती अनुभा मुंझारे, उपाध्यक्ष श्री योगेश राजा लिल्हारे, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक सराफ सहित कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

ध्वजारोहण के पश्चात राष्ट्रगान का गायन किया गया। अध्यक्ष श्री सम्राटसिंह सरसवार ने सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए संविधान के मूल्यों पर चलने और जनसेवा के संकल्प को और मजबूत करने का संदेश दिया। विधायक श्रीमती अनुभा मुंझारे ने भी अपने संबोधन में लोकतंत्र की मजबूती एवं विकास कार्यों में सहभागिता पर जोर दिया। कार्यक्रम का समापन देशभक्ति नारों के साथ किया गया।

# विद्यार्थियों की शानदार प्रस्तुतियों ने मन मोहा

**पीएम श्री विद्यालय माटे में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं खेल महोत्सव आयोजित**

**नवभारत किरनापुर 28 जनवरी।** पीएम श्री शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय माटे, विकासखंड किरनापुर में 23 एवं 24 जनवरी को वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं खेल महोत्सव का आयोजन हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में किया गया।

23 जनवरी को सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं 24 जनवरीको खेल महोत्सव आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजकुमार कर्राहे विधायक लांजी रहे। इस दौरान कार्यक्रम के संरक्षक गणेश प्रसाद सोनी विकास खण्ड शिक्षा आधिकारी किरनापुर उपस्थित रहे।

## विजयी विद्यार्थियों को किया गया पुरस्कृत

सांस्कृतिक कार्यक्रमों में विद्यार्थियों ने नृत्य, नाटक एवं देशभक्ति के गीतों की प्रस्तुतियां दीं, जिनकी दर्शकों ने भूरि-भूरि प्रशंसा की। खेल महोत्सव के अंतर्गत कबड्डी, खो-खो, दौड़, बोरा दौड़, सुई धागा दौड़, चम्मच नींबू दौड़ सहित विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम की सफलता में विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य श्यामकरण पटले सहित विद्यालय परिवार एवं छात्र-छात्राओं का योगदान रहा।

## इनकी रही उपस्थिति

प्रमुख अतिथि के रूप में हीना लिखीराम कावरे, विशिष्ट अतिथियों में कल्याण सिंह राणा जनपद अध्यक्ष, भुवन सिंह राहंगडाले उपाध्यक्ष, जनपद पंचायत किरनापुर, डाली कावरे, मीरा राधेश्याम सिंघन दुबे जिला पंचायत सदस्य, चंद्रभूषण असीम चौहान जनपद सदस्य, रामकुमार राणा विधायक प्रतिनिधि, चुमेश लिल्हारे सांसद प्रतिनिधि, सुनीता देवराम पांचे सरपंच, माटे, छबीलाल खरे अध्यक्ष, जनभागीदारी समिति, देवराम पांचे पूर्व सरपंच एवं केशो कुमार बिसेन पूर्व जनपद सदस्य, यमुना खरे पूर्व जनपद सदस्य, मीना ओमकार पांच जनपद सदस्य नक्शी, सरिता जोशी महिला मोर्चा किरनापुर, योगराज भास्कर सभापति निर्माण समिति, एवं ग्राम माटे के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## नरेंद्र मेश्राम जिले के प्रभारी नियुक्त



**बालाघाट।** नरेंद्र मेश्राम को मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग द्वारा डिंडोरी एवं मंडला जिले का प्रभारी नियुक्ति पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं स्वागत। आपके संगठनात्मक अनुभव और कार्यशैली को देखते हुए यह जिम्मेदारी सौंपना उचित कदम है। डिंडोरी और मंडला जैसे महत्वपूर्ण जिलों में पार्टी को मजबूत करने में आपकी भूमिका सराहनीय होगी। आभार मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के शीर्ष नेताओं का इस निर्णय के लिए अनुसूचित जाति विभाग की सक्रियता को दर्शाता है।

# ब्रजेश मिश्रा हुए कलेक्टर के हाथों सम्मानित



**नवभारत, बालाघाट।** पत्रकारिता के क्षेत्र में विगत 20 वर्षों से कार्यरत खेलप्रेमी समाजसेवी ब्रजेश मिश्रा को कलेक्टर बालाघाट ने सम्मानित किया है।

ज्ञात हो कि जिले में किसी भी प्रकार के आयोजन हो गरीबों की मदद शिक्षा विवाह आदि में जरूरत मंद की तन मन और धन से निस्वार्थ भाव से सेवा करने के साथ साथ अनेक अखबारों में विगत 20 वर्षों से शासन प्रशासन की योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने ओर समाज के अंतिम छोर में निवासरत आदमी की आवश्यकता को शासन के सामने लानेभेतु संघर्षरत ब्रजेश मिश्रा के कार्यों को देखते जिला के कलेक्टर महोदय के साथ पुलिस अधीक्षक ने 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर स्थानीय स्टेडियम ग्राउंड में प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया है द्य

इस प्रकार से मिश्रा जी की सम्मानित होने पर चहुंओर उनके चाहने वाले पत्रकार साथी खेल प्रेमी के साथ सभी समाज के सदस्यों द्वारा बधाई के साथ शुभकामनाएं प्रेषित की जा रही है।

# नगरपालिका बालाघाट में नपाध्यक्ष ने फहराया तिरंगा

**पालिका के कर्मचारी करें जनसेवा की भावना से कार्य : भारती ठाकुर**

**नवभारत, बालाघाट।** भारतीय गणतंत्र की 77 वीं वर्षगांठ पर नगर पालिका परिषद बालाघाट कार्यालय में नगर पालिका अध्यक्ष भारती सुरजीतसिंह ठाकुर ने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया और राष्ट्रगीत का सामूहिक गान किया गया। इस अवसर पर नपाध्यक्ष ने समस्त पालिका के अधिकारी एवं कर्मचारियों तथा पार्षदों सहित सभी नागरिकगणों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी। अपने इस अवसर पर नपाध्यक्ष ने शहर के विकास, जन समस्याओं के निराकरण एवं नगर पालिका के दायित्वों को निष्ठाभाव से निर्वहन करने एवं संविधान के मूल्यों के प्रति निष्ठा, कर्तव्यनिष्ठा एवं जनसेवा की भावना के साथ काम करने के लिये प्रेरित किया। नपाध्यक्ष श्रीमती ठाकुर ने सभी के सहयोग से स्वच्छता को जनआंदोलन बनाने के लिये आव्हान करते हुए कहा कि स्वच्छ शहर ही समृद्ध शहर की पहचान होता है। नपा के अधिकारी, कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए पूर्व मंत्री गौरीशंकर बिसेन ने कहा कि भारतीय संविधान स्वतंत्रता और न्याय का सशक्त आधार है इन मूल्यों के अनुरूप कार्य करना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। प्रशासनिक संरचना में जो जिस पद पर है उसका दायित्व है कि पूरी निष्ठा के साथ अपने कार्य को संपादित करें, नगर पालिका के माध्यम से शहरवासियों की समस्याओं का त्वरित समाधान हो और आधारभूत कार्यो एवं विकास की परिकल्पनाओं से बालाघाट शहर परिपूर्ण रहे।

सांसद भारती पारधी और अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग सदस्य मौसम बिसेन ने सभी से निष्ठापूर्वक कार्य करने का आव्हान करते हुए सफाई मित्रों के कार्यो की खूब प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारी स्वच्छता की रीढ़ है जिनके परिश्रम और समर्पण से शहर स्वच्छ और सुंदर बनता है। उन्होंने स्वच्छता कर्मियों के साथ ही सभी कर्मचारियों से लगन और मेहनत से कार्य करने के लिये प्रेरित किया।



सुनवाई — 150 से अधिक दिनों से लंबित सीएम हेल्पलाईन की शिकायतों की कलेक्टर ने की सुनवाई

# तिरोडी तहसील के पटवारी को निलंबित करने के निर्देश



**नवभारत, बालाघाट।** कलेक्टर श्री मृणाल मीना द्वारा प्रत्येक मंगलवार को सीएम हेल्पलाईन की 100 दिनों से अधिक की लंबित शिकायतों का रेंडमली चयन कर उनकी समक्ष में सुनवाई की जा रही है। इस दौरान शिकायतकर्ता एवं संबंधित विभाग के अधिकारी को समक्ष में रखा जाता है। इसी कडी में कलेक्टर द्वारा 27 जनवरी को 150 दिनों से अधिक की लंबित शिकायतों की समक्ष में सुनवाई की गई।

परसवाडा तहसील के भुनेश कुमार द्वारा नक्शा बटांकन नही किये जाने की शिकायत की गई थी। समक्ष में संबंधित पटवारी एवं राजस्व निरीक्षक से प्रकरण की वस्तुस्थिति की जानकारी ली गई। इस दौरान पटवारी एवं राजस्व निरीक्षक द्वारा ऑनलाईन नक्शा बटांकन नही होने की बात कही गई। इस पर अपर कलेक्टर डीपी बर्मन एवं अधीक्षक भू-अभिलेख से इस संबंध में चर्चा के दौरान पटवारी एवं आरआई को शासन द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए ऑनलाईन नक्शा बटांकन करने के निर्देश दिये गए और इस शिकायत को बंद कराया गया।

तिरोडी तहसील के गोकुल प्रसाद के नामांतरण संबंधी प्रकरण का निराकरण नही होने पर सीएम हेल्पलाईन में शिकायत की गई है। इस प्रकरण की समक्ष में सुनवाई के दौरान पाया गया कि पटवारी तपेश मेश्राम द्वारा इसमें लापरवाही बरती गई है। इस पर कलेक?टर श्री मीना ने कटंगी एसडीएम को निर्देशित किया कि पटवारी तपेश मेश्राम को निलंबित किया जाए। बैहर तहसील के ग्राम बिरवा की पुष्पा तिवारी द्वारा सीमांकन के संबंध में सीएम हेल?पलाईन में शिकायत दर्ज करायी गई थी। यह शिकायत पिछले 10 माह से निराकरण के लिए लंबित थी। इस पर समक्ष में सुनवाई के दौरान कलेक्टर श्री मीना ने शिकायतकर्ता से दूरभाष पर चर्चा के उपरांत इस शिकायत को संतुष्टिपूर्वक बंद कराया गया है।

बिरसा तहसील के ग्राम खुर्सीपार के रूपलाल वरकडे द्वारा उसकी जमीन पर सोहन पंद्रे द्वारा अतिक्रमण पर अवैध कब्जा किये जाने की सीएम हेल्पलाईन में शिकायत की गई थी। यह शिकायत लगभग 02 वर्ष से निराकरण के लिए लंबित थी। इस प्रकरण की सुनवाई के दौरान बिरसा के नायब तहसीलदार रतनसिंह धुर्वे की लापरवाही पायी गई। इस पर कलेक्टर श्री मीना ने नायब तहसीलदार श्री धुर्वे की एक वेतनवृद्धि रोकने का प्रस्ताव आयुक्त जबलपुर संभाग को भेजने के निर्देश दिये है।

## लामता पटवारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये

लामता तहसील के ग्राम टाकाबर्रा निवासी मोहन लिल्हारे द्वारा सीमांकन कराये जाने के लिए सीएम हेल्पलाईन में शिकायत की गई थी। यह शिकायत लगभग 01 वर्ष से लंबित थी। समक्ष में सुनवाई के दौरान पाया गया कि मोहन लिल्हारे द्वारा क्रय की गई जमीन का सीमांकन एवं नक्शा बटांकन नही हो रहा है। इस दौरान बताया गया कि भूमि के क्रय विक्रय की रजिस्ट्री के दौरान पटवारी का पर्चा लगवाया जाता है, जो कि भूमि की रजिस्ट्री के लिए आवश्यक नही है। शिकायतकर्ता से दूरभाष पर चर्चा के उपरांत इस शिकायत को बंद कराया गया। इस शिकायत की सुनवाई के दौरान पटवारी आयुषी ठाकरे के उपस्थित नही होने पर उसे कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गए।

# महर्षि विद्या मंदिर बालाघाट में गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम से मनाया

**नवभारत, बालाघाट।** 26 जनवरी 2026 को महर्षि विद्या मंदिर, बालाघाट में 77वें गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस शुभ अवसर पर विद्यालय परिसर देशभक्ति और गर्व के रंग में सराबोर रहा, जहां शिक्षक, छात्र-छात्राएँ तथा विद्यालय परिवार ने राष्ट्रीय पर्व को यादगार रूप से मनाया।

सुबह , विद्यालय के प्रांगण में सहायक निदेशक श्री अमित यदुवंशी, प्राचार्य श्री सतीश कुमार चौरसिया, नीरज तिवारी, वासुदेव भूते, मनोज ज्योतिषी के हस्ते भारत माता, महात्मा गांधी, और बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर के छाया चित्रों पर माल्यार्पण,दीप प्रज्वलन के साथ हुई। सहायक निदेशक श्री अमित यदुवंशी के द्वारा तिरंगा फहराया गया ।ध्वज फहराने के बाद सभी उपस्थित लोगों ने मिलकर राष्ट्रगान गाया और तिरंगे को सम्मानपूर्वक सलाम किया, जिससे समारोह की गरिमा और देशभक्ति की भावना प्रतिबिंबित हुई।

इसके पश्चात् प्राचार्य सतीश कुमार चौरसिया ने उपस्थित विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों को संबोधित करते हुए ,सभी को 77वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ दी। उन्होंने कहा कि

26 जनवरी का यह पावन दिन हमें हमारे संविधान की गरिमा, लोकतांत्रिक मूल्यों और राष्ट्र के प्रति हमारे कर्तव्यों की याद दिलाता है।

हमारा संविधान हमें समानता, स्वतंत्रता, न्याय और बंधुत्व का मार्ग दिखाता है। यह केवल अधिकारों का दस्तावेज नहीं, बल्कि जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा भी है। आज के युवा ही कल के राष्ट्र निर्माता हैं, इसलिए आप सभी से अपेक्षा है कि अनुशासन, परिश्रम, ईमानदारी और नैतिक मूल्यों को अपने जीवन में आत्मसात करें।

शिक्षा का उद्देश्य केवल ज्ञान अर्जन नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण और राष्ट्र सेवा भी है। आइए, इस गणतंत्र दिवस पर हम संकल्प लें कि हम एक सशक्त, आत्मनिर्भर और समरस भारत के निर्माण में अपना पूर्ण योगदान देंगे।

इस संबोधन के पश्चात् छात्रों द्वारा राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत गीत, भाषण और सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं। छात्रों ने संविधान के महत्व, देश की एकता-अखंडता और सेवा की भावना पर प्रेरक भावनाओं के साथ अपनी प्रस्तुतियाँ प्रस्तुत कीं। जिसमें कक्षा पहली के छात्र पारस कुर्वे का भाषण, सातवीं कक्षा के छात्र समर्थ तिवारी का सुमधुर गीत और कुछ समूह गान शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन कक्षा ग्यारहवीं की छात्रा शुभी लिल्हारे और जिज्ञासा विश्वकर्मा ने कियाँ।

